## 15. दाज्यू

## स्वाध्याय

**मदन का गाव किस पहाड़ी क्षेत्र में था ?**

A. मसूरी

B. शिमला

C. दार्जिलिंग

D. अल्मोड़ा

- D.अल्मोड़ा

**कहानी के अंत में नए ग्राहक हेंमत को मदन ने अपना नाम क्या बताया ?**

A. मदन

B. पहाड़ो

C. बाय

D. बेयश

- C.बाय

**मदन का गाव किस पहाड़ी क्षेत्र मे था ?**

- मदन का गाव अल्मोड़ा पहाड़ी क्षेत्र मे था |

**नए ग्राहक हेमंत को मदन ने अपना नाम क्या बताया ?**

- नए ग्राहक हेमंत को मदन ने अपना नाम 'बॉय' बताया |

**जगदीशबाबू के व्यवाहार से मदन को चोट क्यो पहुंची ?**

- जगदीशबाबू के व्यवहार से मदन को चोट पहुची, क्योकि अपने प्रति उसके अपनत्व पर प्रहार किया था |

**जगदीशबाबू ने अपनी शंका का समाधान कैसे कर लिया ?**

- कैफे में बॉय मदन को देखकर उन्हे लगा था की शायद यह उनही के यहा का लड़का है | बाद में मदन से वार्तालाप करके उन्होने जान लिया की उनकी शंका सच थी | इस तरह उन्होने अपनी शंका का समाधान कर लिया |

**मदन अपने गाव का नाम बताने मे संकोच क्यो अनुभव कर रहा था ?**

- मदन के गाव का नाम 'डोट्यालगो' था | अपने गाव की निराली संज्ञा के कारण उसे उसका नाम बताने में संकोच हो रहा था |

**जगदीशबाबू के चेहरे पर पुटी एकाकीपन की स्याही कैसे दुर हो गई ?**

- जगदीशबाबू कैफे में आने से पहले बहुत एकाकीपन महसूस कर रहे थे | परंतु मदन से बातचीत होने पर उन्हे मालूम हुआ की वह उनके गाव के पड़ोसी गाव का लड़का है | इस प्रकार मदन के प्रति अपनेपन का भाव आने पर जगदीशबाबू के चेहरे पर पुटी एकाकीपन की स्याही दुर हो गई |

### मदन जगदीशबाबू को 'दाज्यु' कहकर क्यो संबोधित करने लगा ?

- जगदीशबाबू और मदन एक ही क्षेत्र के रहनेवाले थे | उस क्षेत्र में बड़े भाई को 'दाज्यु' कहते है | जगदीशबाबू को अपने बड़े भाई के रूप में देखने के कारण मदन उन्हे 'दाज्यु' कहकर संबोधित करने लगा |

### मदन के 'दाज्यु' शब्द की आवृति पर जगदीशबाबू को क्रोध क्यो आया ?

- मदन कैफे का बॉय था जबकी जगदीशबाबू मध्यमवर्ग के व्यक्ति थे | सबके सामने मदन का बार-बार 'दाज्यु' कहना उन्हे अपनी प्रतिष्ठा के अनुकूल नही लगा | इसलिए मदन के 'दाज्यु' शब्द की आवृति पर जगदीशबाबू को क्रोध आया |

### मदन को जगदीशबाबू के रूप में कीसकी छाया निकट जान पड़ी ?

- मदन को जगदीशबाबू के रूप में दाज्यु की छाया निकट जान पड़ी |

### जगदीशबाबू को क्या अच्छा नही लगता था ?

- मदन का बार-बार 'दाज्यु' कहना जगदीशबाबू को अच्छा नही लगता था |